ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं

ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं,
सिर पे तेरा हाथ हो दिल के अरमान यही,
ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं,

भगति न जानू जानू न पूजा इतना ही जानू तुम बिन कोई नहीं दूजा,
ओ मैया ढीली न पड़े तेरी ममता की डोर,
सिर पे तेरा हाथ हो दिल के अरमान यही,
ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं,

तेरी ही आस मैया तेरा ही भरोसा,
दे दे वरदान मुझको तू चाहे जैसा,
मैया मर्जी तेरी जैसी नहीं मेरा कोई जोर,
सिर पे तेरा हाथ हो दिल के अरमान यही,
ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं,

कश्ती हमारी मैया तेरे ही हवाले,
इस को किनारे मैया तू ही तू लगा दे,
ओ मैया एहसान तेरा मुझपे होगा बड़ा,
सिर पे तेरा हाथ हो दिल के अरमान यही,
ओ मैया पास मेरे रहना दूर जाना नहीं,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12769/title/o-maiya-paas-mere-rehna-dur-jaana-nhi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |